# CLASS - XI (CBSE)

# MCQ EXAMINATION : 2022-23

Candidate's Name in CAPITAL letters ............................................ Sec. [ ]

Branch ............................................

Roll No. : [ ] Candidate's Signature [ ] Invigilator's Signature [ ]

Date : [ ] [ ] [ ]

## INSTRUCTIONS FOR OMR SHEET:-

1. Attempt ALL the questions.
2. Use only black or blue (ball pen) for darkening/writing in appropriate oval/box.
3. While darkening the oval / box it is to be ensured that these are darkened completely.
4. OMR sheet shall not be folded or tampered in any way.
5. Over writing / erasing / dual data & use of correction fluid will render OMR sheet invalid.

TIME : 2 Hrs. M.M. : 100

## HINDI [302]

निम्न अवतरण को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

हरियाणा के पुरातत्व विभाग द्वारा किए गए अब तक के शोध और खुदाई के अनुसार 5500 हेक्टेयर में फ़ैली यह राजधानी ईसा से लगभग 3300 वर्ष पूर्व मौजूद थीं। इन प्रमाणों के आधार पर यह तो तय हो ही गया है कि राखीगढ़ी की स्थापना उससे भी सैकड़ों वर्ष पूर्व हो चुकी थी।

अब तक यही माना जाता रहा है कि इस समय पाकिस्तान में स्थित हड़प्पा और मोहनजोदड़ो ही सिन्धु कालीन सभ्यता के मुख्य नगर थे। रांखीगढ़ी गाँव में खुदाई और शोध का काम रुक–रुक कर चल रहा है। हिसार का यह गाँव दिल्ली से मात्र 150 किमी0 दूरी पर है। पहली बार यहाँ 1963 में खुदाई हुई थी और तब इसे सिन्धु सरस्वती सभ्यता का सबसे प्रमुख नगर माना गया। शोधार्थियों ने सप्रमाण घोषणायें की थीं कि यहाँ दबे नगर, कभी मोहनजोदड़ो और हड़प्पा से भी बड़े रहे होंगे।

अब सभी शोध विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि राखीगढ़ी शहर का आकार भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान आबादी की दृष्टि से सबसे बड़ा शहर था। प्राप्त विवरणों के अनुसार समुचित रूप से नियोजित इस शहर की सभी सड़कें 1.92 मीटर चौड़ी थी। यह चौड़ाई कालीबंगा की सड़कों से भी अधिक है। यहाँ एक ऐसा बर्तन भी मिला है जो सोने चाँदी की परतों से ढका है। इसी स्थल पर एक 'फाउन्ड्री' के भी चिह्न मिले हैं, जहाँ सम्भवतः सोना ढाला जाता होगा। इसके अलावा टेराकोटा से बनी प्रतिमाएँ, ताँबे के बर्तन और कुछ प्रतिमाएँ और एक फानूस के अवशेष भी मिले हैं। मई 2012 ग्लोबल हेरीटेज़ फण्ड' ने इसे एशिया के 10 ऐसे विरासत स्थलों की सूची में शामिल किया है जिनके नष्ट हो जाने का खतरा है। राखीगढ़ी का पुरातात्विक महत्त्व विशिष्ट है। इस समय यह क्षेत्र पूरे विश्व में पुरातत्व विशेषज्ञों की दिलचस्पी और जिज्ञासा का केन्द्र बना हुआ है। यहाँ बहुत से काम बकाया हैं, जो अवशेष मिले हैं उनका समुचित अध्ययन शेष हैं। उत्खनन का काम अभी अधूरा है।

1. चौड़ी सड़कों से स्पष्ट होता है कि –
   a) यातायात के साधन थे
   b) अधिक आबादी थी
   c) शहर नियोजित था
   d) बड़ा शहर था

2. इसे एशिया के विरासत स्थलों में स्थान मिला क्योंकि –
   a) इसके नष्ट हो जाने का खतरा है
   b) इतिहास में इसका नाम सर्वोपरि है
   c) सबसे विकसित सभ्यता है
   d) यहाँ विकास की तीन परतें मिली हैं

3. पुरातत्व विशेषज्ञ राखी गढ़ी में विशेष रुचि ले रहे हैं क्योंकि–
a) काफी प्राचीन और बड़ी सभ्यता हो सकती है
b) उत्खनन का काम भी अधूरा है
c) इसका समुचित अध्ययन शेष है
d) इसके बारे में अभी–अभी पता लगा

4. ग्लोबल हेरीटेज इण्डिया ने इसे कितने विरासत स्थलों की सूची में शामिल किया है ?
a) दस b) बीस
c) बारह d) चार

5. किसके उत्खनन का काम अभी अधूरा है ?
a) लखनपुरी b) अयोध्या
c) कालीबंगा d) राखीगढ़ी

***काव्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–***

एक बच्ची उधर कत्थक में थिरक रही है
और ढेर सारी बच्चियाँ गोबर ढूँढ़तें रहने के बाद
अँधेरे में दुबक रही हैं
लड़कियाँ नदी, तालाब, कुँआ, घासलेट, माचिस, फन्दा
ढूँढ़ रही हैं।
और इसी वक्त
एक लड़की चेहरे की कोमलता के बारे में
रेडियो से नुस्खा बता रही है
और असंख्य बच्चे
अँधेरे की तरफ दौड़ते जा रहे हैं।
उनकी स्मृतियों में इस वक्त,
उनकी आँखों में चीख, रुदन और गिड़गिड़ाहट है
कल की छीना झपटी और भागमभाग का पैबंद इतिहास है
उनके भीतर शब्द रहित भय है और सिर्फ जख्मी आज है
वह शायद अभी जानते नहीं
वे पृथ्वी के बाशिन्दे हैं करोड़ों और उनके पास
आवाज़ों का महासागर है
जो छोटे से गुब्बारे की तरह
फोड़ सकता है किसी भी वक्त
अँधेरे के सबसे बड़े समूह को।

6. काव्यांश में उभर कर आया है–
a) गाँव और शहर का अंतर
b) गरीब और अमीर का जीवन
c) लड़के लड़कियों में भेदभाव
d) अँधेरे और उजाले का प्रभाव

7. असंख्य बच्चे अँधेरे की तरफ दौड़ते जा रहे हैं–यहाँ अँधेरे से तात्पर्य है–
a) विषमता और भेदभाव
b) गरीबी और अज्ञान
c) चीख और रूदन
d) छीनाझपटी और भागमभाग

8. आपके विचार से कविता में कौन–सी बच्ची देश का प्रतिनिधित्व कर रही है ?
a) कत्थक पर थिरकती
b) अँधेरे में दुबकती
c) रेडियो से नुस्खे बताती
d) चेहरे की कोमलता सँभालती

9. 'उनके भीतर शब्द–रहित भय और सिर्फ जख्मी आज है'–का आशय है–
a) शोषण के बारे में बताते हुए डरते हैं।
b) वे जख्मों से डर जाते हैं।
c) वे आज घायल हैं।
d) चुपचाप भीतर बैठे रहना उन्हें डराता है।

10. कत्थक में नाचती लड़कियों की आँखों में बंद है–
a) छीना झपटी और भागमभाग का इतिहास
b) रेडियो का इतिहास
c) सुन्दरता का इतिहास
d) भारतीय इतिहास

11. कार्यवृत्त का लेखन होना चाहिए–
a) संक्षिप्त b) सारगर्भित
c) स्पष्ट d) उपरोक्त सभी

12. अर्धशासकीय पत्र की भाषा होती है ?
a) आत्मीय भाव b) मैत्रीभाव
c) मित्रवत् d) उपरोक्त सभी

13. किसी भी विचाराधीन पत्र अथवा प्रकरण को निपटाने के लिए उस पर जो राय, मंतव्य, आदेश अथवा निर्देश दिया जाता है वह कहलाती है–
a) टिप्पणी b) परिपत्र
c) विज्ञप्ति d) रिमाइंडर

14. एक अच्छा स्ववृत्त होता है ?
a) तराजू की तरह
b) गुलदस्ते की तरह
c) चुंबक की तरह
d) चमक की तरह

15. स्ववृत्त के साथ लिखे गए आवेदन–पत्र में कितने हिस्से होते हैं ?
a) एक b) दो
c) तीन d) चार

16. शब्दकोष में शब्दों का क्रम किस प्रकार निर्धारित होता है–
a) उच्च से निम्न
b) अकारादी क्रम
c) निम्न से उच्च
d) ऐतिहासिक क्रम

17. शब्दकोष शब्द की उत्पत्ति किस भाषा से हुई ?
a) फारसी b) लेटिन
c) हिन्दी d) संस्कृत

18. 'द्य' अक्षर किसके बाद आता है ?
a) दौ b) कौ
c) मौ d) औ

19. संदर्भ ग्रन्थ का सबसे विशद रूप है–
a) साहित्यकोश b) चरित्र कोश
c) विश्व ज्ञान कोश
d) विशाल कोश

20. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोष क्रम में व्यवस्थित कीजिए–
a) विलक्षण
b) सांस्कृतिक
c) क्षणमात्र
d) स्वतंत्र शताब्दी

21. सूचना प्राथमिकताएँ निर्धारित की जाती हैं–
a) उपभोक्ताओं के अनुसार
b) आर्थिक क्षमता के अनुसार
c) राजनीतिक महत्त्व के अनुसार
d) साहित्यिक श्रेष्ठता के अनुसार

22. पत्रकारिता एक तरह से कौन–सा लेखन है ?
a) दैनिक इतिहास लेखन
b) पुरातन समाचार लेखन
c) पौराणिक प्रसंग लेखन
d) साप्ताहिक कथा लेखन

23. पत्रकारिता का मूल तत्व क्या है –
a) लेखन b) सक्षमता
c) जिज्ञासा d) दूरदर्शिता

24. फोटो पत्रकारिता ने कहाँ अपना अहम स्थान बना लिया है–
a) टेलीविजन में
b) समाचार पत्रों में
c) उपर्युक्त दोनों में
d) किसी में नहीं

25. समाचार पत्र का सबसे महत्वपूर्ण पृष्ठ किसे माना जाता है–
a) पहले पृष्ठ को
b) खेल पृष्ठ को
c) आर्थिक पृष्ठ को
d) सम्पादकीय पृष्ठ को

26. संचार में स्रोत कौन होता है ?
a) माध्यम
b) प्राप्तकर्ता
c) समाचार वाचक
d) संदेश भेजने वाला

27. एजेण्डा कौन से संचार से तय किया जाता है ?
a) लिखित संचार से
b) समूह संचार से
c) मौखिक संचार से
d) जनसंचार से

28. संचार प्रक्रिया में किसी प्रकार की भी बाधा आ जाए तो उसे क्या कहते हैं ?
a) कूटीकरण b) कूटवाचन
c) फीडबैक d) शोर

29. संचारक और प्राप्तकर्ता के बीच सीधा सम्बन्ध कौन से संचार में नहीं होता ?
a) समूह संचार में
b) जनसंचार में
c) अंतर वैयक्तिक संचार में
d) अंतः वैयक्तिक संचार में

30. शीघ्र प्रतिक्रिया (फीडबैक) कौन से संचार से मिलती है ?
a) अंतः वैयक्तिक
b) जनसंचार
c) अंतर वैयक्तिक
d) समूह संचार

31. अक्क महादेवी किसका संदेश लेकर आई थी ?
a) चन्नमल्लिकार्जुन b) मल्लिकार्जुन
c) अर्जुन d) चम्राल्लिकार्जुन

32. कवयित्री मिलन चाहती है–
a) मानव–मानव का
b) जीव–जंतु का
c) जड़–चेतन का
d) आत्मा–परमात्मा का

33. कवयित्री ने ईश्वर को कैसा फूल माना है?
a) गुलाब b) कमल
c) जूही d) गेंदा

34. कवयित्री किसके प्रति समर्पित है–
a) ईश्वर के प्रति
b) चन्नमल्लिकार्जुन के प्रति
c) दोनों के प्रति
d) किसी के प्रति नहीं

35. कविता में 'अपना घर' से क्या तात्पर्य है–
a) अपना मकान
b) अपना स्वार्थमय संसार
c) अपना क्षेत्र
d) इनमें से कोई नहीं

36. मियाँ नसीरुद्दीन ने भट्ठी पर पकने वाली रोटी का क्या नाम बताया ?
a) बाकरखानी b) शीरमाल
c) ताफतान d) इनमें सभी

37. मियाँ नसीरुद्दीन ने किस्म–किस्म की रोटी बनाने का इल्म किससे सीखा था ?
a) खालाजान से
b) घड़ी साज से
c) वालिद उस्ताद से
d) मीनासाज से

38. मियाँ नसीरुद्दीन पाठ में दिल्ली के किस बादशाह का जिक्र है ?
a) बहादुरशाह b) जहाँगीर
c) शाहजहाँ d) पृथ्वीराज चौहान

39. लेखिका ने मियाँ नसीरुद्दीन से सबसे पहले कौन–सा प्रश्न किया था ?
a) आप से कुछ सवाल पूछने थे ।
b) आप से रोटियाँ बनवानी थी।
c) आप क्या कर रहे हैं ?
d) आपका नाम क्या है ?

40. 'कोई ऐसी चीज खिलाओ जो न आग से पके, न पानी से बने' ये शब्द किसने कहे थे ?
a) बादशाह सलामत
b) मियाँ नसीरुद्दीन
c) लेखिका
d) मियाँ कल्लन

41. 'भारत माता' पाठ किस पुस्तक से लिया गया है ?
a) हिंदुस्तान की कसम
b) हिंदुस्तान की कहानी
c) हिंदुस्तान की आवाज़
d) हिंदुस्तान की पुकार

42. 'गिज़ा' का अर्थ है–
a) खुराक b) भोजन
c) खाद्य d) उपरोक्त सभी

43. नेहरू जी ने किसानों को चीन, स्पेन अबीसिनिया, मध्य यूरोप, मिश्र एवं पश्चिमी एशिया के चल रहे संघर्षों का हवाला दिया क्योंकि उनकी दृष्टि थी–
a) विदेशी दृष्टि b) भारत दृष्टि
c) विश्व दृष्टि d) यूरोपीय दृष्टि

44. जवाहरलाल नेहरू ने हिन्दुस्तान का व्यापक अर्थ बताते हुए भारत माता किसे बताया ?
a) देश की नदियों को
b) देश के पहाड़ तथा खेतों को
c) देश के करोड़ों लोगों को
d) उपरोक्त सभी

45. जवाहरलाल नेहरू के अनुसार किसानों का नजरिया कैसा था ?
a) सीमित b) असीमित
c) बड़ा d) दीर्घ

46. मोहन क्या लेकर घर से निकला था ?
a) कुदाल
b) लंबा सा फावड़ा
c) लम्बे बेंट वाला हँसुआ
d) दराँती

47. धनराम के मन में बचपन से ही क्या बैठा दिया गया था ?
a) जातिगत समानता
b) जातिगत हीनता
c) धार्मिक असमानता
d) धार्मिक समानता

48. स्कूल में सुबह–सुबह कौन–सी प्रार्थना होती थी ?
a) इतनी शक्ति हमें देना दाता
b) हे प्रभु आनंद दाता।
c) वह शक्ति हमें दो दयानिधे
d) उपरोक्त सभी

49. मोहन पढ़ाई के साथ–साथ और किस क्षेत्र में बेजोड़ था ?
a) ढोल में b) गायन में
c) नृत्य में d) उपरोक्त सभी

50. मोहन के पिता मोहन को किस प्रकार के बालकों का उदाहरण देकर उत्साहित करते थे ?
a) विद्याव्यसनी बालकों का
b) धूर्त बालकों का
c) चालाक बालकों का
d) कमजोर बालकों का

51. 'कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए' पंक्ति से शायर का अभिप्राय है ?
a) शहर में लाइट नहीं है
b) शहर में रोशनी केवल दीपकों से होती थी
c) दीपक में तेल नहीं है
d) सामाजिक व्यवस्था अत्यंत निराशाजनक है

52. गजल में 'चिराग' व 'दरख्त' किसके प्रतीक हैं ?
a) दीपक व पेड़ के
b) आशा व सुव्यवस्था के
c) रोशनी व छाया के
d) पलायन व निराशा के

53. गजल पाठ के आधार पर बताइए कि शासक वर्ग की व्यवस्था के अनुकूल कौन होते हैं ?
a) व्यवस्था का विरोध न करने वाले
b) शासन तंत्र का विरोध न करने वाले
c) सरकार का विरोध न करने वाले
d) उपरोक्त सभी

54. 'पत्थर पिंघल नहीं सकता' पंक्ति में पत्थर किसके लिए प्रयोग किया गया है ?
a) शासक वर्ग के लिए
b) मजदूर वर्ग के लिए
c) किसान वर्ग के लिए
d) इनमें से कोई नहीं

55. 'तेरा निज़ाम है सिल दे जुबान शायर की' पंक्ति में 'निज़ाम' का क्या अर्थ है ?
a) शासक b) प्रजा
c) नौकर d) उपरोक्त सभी

56. सामान्य श्रोता लता की किस प्रकार की गायिकी पसंद करेगा ?
a) शास्त्रीय गायिकी
b) देशभक्ति गीत
c) ध्वनिमुद्रिका
d) इनमें से कोई नहीं

57. चित्रपट संगीत में किस प्रकार के तालों का प्रयोग होता है ?
a) आधे तालों का प्रयोग
b) पूरे तालों का प्रयोग
c) मध्यलय का प्रयोग
d) उच्चलय का प्रयोग

58. गीतों में 'त्रिवेणी संगम' का क्या अर्थ है ?
a) स्वर का संगम
b) लय का संगम
c) शब्दार्थ का संगम
d) उपरोक्त सभी

59. 'ए मेरे वतन के लोगों' किस रस का गीत है ?
a) करुण b) शृंगार
c) हास्य d) वात्सल्य

60. 'निम्न में से कौन सी विशेषता लता जी के गाने की नहीं है ?
a) गानपन b) नादमय उच्चार
c) कोमलता d) सूक्ष्म जटिलता

61. आलो–आँधारि पाठ कौन सी विधा है ?
a) कहानी b) निबंध
c) जीवनी d) आत्मकथा

62. बेबी हालदार को काम दिलवाने में किसने मदद की ?
a) सुनील ने b) भोला दा ने
c) उसके भाई ने d) उपरोक्त सभी ने

63. बेबी हालदार से पहले तातुश के घर में काम करने वाली महिला की आयु कितनी थी ?
a) 35 से 40 वर्ष b) 40 से 45 वर्ष
c) 45 से 50 वर्ष d) 50 से 55 वर्ष

64. लेखिका के आस पड़ोस के लोग उससे क्या–क्या प्रश्न पूछते हैं ?
a) तुम्हारा स्वामी कहाँ रहता है ?
b) क्या तुम अकेली रह सकोगी ?
c) तुम कितने दिनों से यहाँ रह रही हो ?
d) उपरोक्त सभी

65. बेबी हालदार को पार्क में जो लड़की मिली थी उसका क्या नाम था ?
a) सुनीति b) सुनीता
c) सुनिधि d) सोनाली

66. नमक विभाग में दारोगा पद के लिए कौन ललचाते थे ?
a) डॉक्टर b) प्रोफेसर
c) इंजीनियर d) वकील

67. दुनिया सोती थी पर दुनिया की ......... जागती थी।
a) साँस b) कान
c) जीभ d) नाक

68. अलोपीदीन क्या देखकर मूर्च्छित होकर गिर पड़े ?
a) हथकड़ियाँ b) पुलिस
c) डाकू d) लठैत

69. कहानी में प्रयुक्त नमक किसका प्रतीक है ?
a) स्वाद का b) सुगंध का
c) न्याय का d) वफ़ादारी का

70. घाट के देवता को भेंट न चढ़ाने से क्या तात्पर्य है ?
a) भगवान को भोग लगाना
b) नदी किनारे श्राद्ध करना
c) पंडित को दान देना
d) **नमक के दरोगा को रिश्वत देना।**

71. कवि ने घर की याद कविता कहाँ लिखी ?
a) अपनी जेलयात्रा के दौरान
b) रिश्तेदारों के यहाँ
c) पिता के पास रहकर
d) घर से दूर रहकर

72. 'घर की याद' कविता के अनुसार कवि का घर किसका भण्डार था ?
a) खुशियों का b) परिवार का
c) मित्रों का d) भाइयों का

73. रात भर पानी गिरने की तुलना कवि ने किससे की है ?
a) अपने मन और प्राण के घिरने से
b) परिवार के घिरने से
c) पाठशाला के घिरने से
d) सावन के घिरने से

74. कवि किसे अपना संदेहवाहक बनाकर अपने माता पिता को अपने सकुशल होने का झूठा संदेश भेजने की कोशिश करते हैं ?
a) सावन को b) बरसात को
c) बादल को d) उपर्युक्त सभी

75. 'स्नेह धारा' में कौन सा अलंकार है ?
a) रूपक अलंकार
b) अनुप्रास अलंकार
c) यमक अलंकार
d) उपमा अलंकार

76. फिल्म में साउंड रिकार्डिस्ट का कार्य कौन करता था ?
a) अपू b) भूपेन बाबू
c) सुबोध दा d) इनमें से कोई नहीं

77. फिल्म शूटिंग के लिए किराए के लिए, लिए गए घर में घुसे साँप को क्यों नहीं मारा गया ?
a) कुल देवता समझकर
b) साँप के छिपने के कारण
c) उससे डरने के कारण
d) ये सभी

78. फिल्म पथेर पांचाली में अपू की भूमिका निभाने वाले कितने वर्ष के लड़के की तलाश थी ?
a) पाँच वर्ष b) छह वर्ष
c) तीन वर्ष d) सात वर्ष

79. बोडाल गाँव में एक धोबी को क्या कहकर किसी राजकीय मसले पर भाषण देने की आदत थी ?
a) देवियों और सज्जनों
b) मेरे प्रिय मित्रों
c) भाइयों और बहनों
d) ये सभी

80. पथेर पांचाली फिल्म में दर्शक किस सीन को पहचान नहीं पाते हैं ?
a) अलग–अलग तीन गाड़ियों के इसतेमाल को
b) काशफूलों के मैदान को
c) बारिश के दृश्य को
d) इनमें से कोई नहीं

81. पाठ में आये "चल हम भी जाएंगे" वाक्यांश किसने किससे कहा ?
a) लेखक ने कलाकारों से
b) दुर्गा ने अपू से
c) अपू ने दुर्गा से
d) इनमें से कोई नहीं

82. मीरा के काव्य का विषय क्या है ?
a) अपने कुल का वर्णन करना
b) श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम और भक्ति दर्शाना
c) अपना स्वार्थ सिद्ध करना
d) ये सभी

83. 'कुल की कानि' शब्द का उचित अर्थ होगा ?
a) परिवार की मर्यादा
b) संसार की मर्यादा
c) लोगों का मान सम्मान
d) ये सभी

84. पाठ 'पद' में मीरा के अनुसार सांसारिकता क्या है ?
a) आपसी प्रेम
b) निःसार छाछ के समान
c) बनावटी प्रेम के समान
d) इनमें से कोई नहीं

85. मीरा के पदों में किस भाषा का प्रभाव है ?
a) पंजाबी b) अवधी
c) खड़ी बोली
d) राजस्थानी के साथ–साथ ब्रजभाषा का भी प्रभाव

Q.86. बड़े कुँए का पानी कैसा होता है–
a) खारा b) मीठा
c) नमकीन d) खट्टा

Q.87. मरुभूमि समाज ने पानी को कितने रूपों में बाँटा है ?
a) दो b) तीन
c) पाँच d) ग्यारह

Q.88. सार्वजनिक क्षेत्र में बनी हुई कुंई पर किसका अंकुश होता है ?
a) लोगों का b) महिलाओं का
c) मुख्यमंत्री का d) ग्राम समाज का

Q.89. 'खड़ेरो की ढाणी' को किस नाम से जानते हैं ?
a) छह बीसी b) बारह बीसी
c) चौबीस बीसी d) दस बीसी

Q.90. पानी निकालने के लिए जिस चकरी का प्रयोग किया जाता है उसे क्या कहते हैं ?
a) घरेलू b) चरखी
c) [illegible] d) उपरोक्त सभी

Q.91. एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट किससे संबंधित कार्य देखता है ?
a) घरेलू
b) फलों से संबंधित
c) अनाज और खेतीबाड़ी से संबंधित
d) कोई भी नहीं

Q.92. पेड़ के नीचे हुए दबे हुए आदमी ने किसका शेर पढ़ा ?
a) स्वयं का b) कबीर का
c) दुष्यन्त कुमार का
d) मिर्जा गालिब का

Q.93. दबे हुए आदमी का इंटरव्यू लेने कौन–कौन आया ?
a) मीडिया
b) कवि और शायर
c) साहित्य अकादमी के सेक्रेटरी
d) आसपास खड़े सभी लोग

Q.94. पीटोनिया राज्य के प्रधानमंत्री ने जामुन के पेड़ को कितने वर्ष पहले लगाया था ?
a) 2 वर्ष b) 5 वर्ष
c) 10 वर्ष d) 1 वर्ष

Q.95. प्रधानमंत्री के सामने फाइल कौन पेश करेगा ?
a) विदेश विभाग b) राज्य मंत्री
c) गृह सचिव d) कोई भी नहीं

Q.96. कबीर के अनुसार ईश्वर के कितने स्वरूप है ?
a) एक b) दस
c) पाँच d) तीन

Q.97. कबीर के अनुसार जो लोग ईश्वर को अलग–अलग मानते हैं, वे अधिकारी हैं–
a) स्वर्ग लोक के b) नरक के
c) पाताल के d) धरती लोक के

Q.98. बढ़ई लकड़ी में समाई किस वस्तु को काट नहीं सकता ?
a) आग b) हवा
c) गरमी d) पानी

Q.99. कबीर ने स्वयं को क्या कहा है ?
a) दीवाना b) व्यसनी
c) ईश्वर d) बुद्धिमान

Q.100. 'गरबात्ता' शब्द का अर्थ है–
a) अहंकार b) गरीबी
c) मनुष्य d) ईमानदार

#####